# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


पत्रांक: BRLPS/LSBA/Proj/163/20/188    दिनांक : 24.07.2020

प्रेषक,

**राजीव कुमार सिंह,** बि०प्र०से०,
प्रशासी पदाधिकारी-सह-राज्य समन्वयक।

सेवा में,

**सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।

**विषय:** **स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)-फेज 2 के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन क्रियान्वयन के संबंध में।**

**प्रंसग:** **स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)-फेज 2 दिशा निर्देश पत्र संख्या SS-11011/02/2020-SBM-DDWS दिनांक: 08.04.2020**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)-फेज 2 के अन्तर्गत 'खुले में शौच से मुक्ति' के स्थायित्व तथा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबधित कार्य प्राथमिकता पर किये जाने हैं।

ODF + के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य को **चरणबद्ध** तरिके से बिहार के सभी ग्राम पंचायतों में लागू किया जाना है, इसके अन्तर्गत निम्न घटकों पर प्रमुख कार्य किये जाने हैं:-

1. घर-घर में कचरा संग्रह किया जाना
2. गीले कचरे का जैविक खाद निर्माण
3. सुखे कचरे (प्लास्टिक अपशिष्ट) का संग्रहण एवं प्रबंधन
4. धूसर जल (ग्रे-वाटर) प्रबंधन
5. मल युक्त कीचड़ प्रबंधन

ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु चरणबद्ध तरीके से ग्राम पंचायतों का चयन निम्न मापदंडो पर किया जा सकता है यथा-

(क) प्रखण्ड :

- सभी प्रखण्ड में न्यूनतम एक ग्राम पंचायत।

(ख) ग्राम पंचायत का चयन:

- ODF ग्राम पंचायत, जिनमें शौचालय की उपयोगिता निरंतर एवं शत-प्रतिशत हो एवं 90% तक लाभुकों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जा चुका हो।
- नली-गली योजना, हर घर नल का जल का कार्य पूर्ण हो या प्रगति पर हो।
- यदि एक से अधिक ग्राम पंचायत उपर्युक्त मापदण्ड को पूर्ण करते हैं तो प्राथमिकता के आधार पर उस ग्राम पंचायत का चयन करें जिसकी जनसंख्या अधिक हो ।

अतः अनुरोध है कि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य हेतु जिले के प्रत्येक प्रखंड से चार ग्राम पंचायतों का चयन कर प्राथमिकता सूची (पंचायतवार) एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने की कृपा करें ताकि चयनित ग्राम पंचायत के संबंधित कर्मियों एवं प्रतिनिधियों को आवश्यक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके ।

विश्वासभाजन

अनुलग्नक – एनेक्सर संलग्न।

24/07/2020

**(राजीव कुमार सिंह)**

**ज्ञापांक :** BRLPS/LSBA/Proj/163/20/188 **दिनांक :** 24.07.2020

प्रतिलिपि : सभी जिला समन्वयक एवं जिला सलाहकार, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी निदेशक-सह-सदस्य सचिव, जिला जिला एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जिला एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

24/07/2020.

**(राजीव कुमार सिंह)**

एनेक्सर

| क्र० सं० | जिला | प्रखंड | ग्राम पंचायत | भुगतान की स्थिति | नली-गली कार्य की स्थिति | हर घर नल का जल की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1. | 1. | | | |
| | | 2. | 2. | | | |
| | | 3. | 3. | | | |
| | | 4. | 4. | | | |